>

Title: Need to repair Mahatma Gandhi Setu on Ganga river at National Highways No. 19 in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपको बहुत धन्यवाद देती हूं और एक बहुत जरूरी सवाल उठाने जा रही हूं।

बिहार के ऐतिहासिक एवं भारत के लम्बे पुलों में से एक गांधी सेतु का काफी महत्व है। उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला यह एकमात्र पुल है, जो गंगा नदी पर बना है। इस पर लाखों लोग विभिन्न वाहनों से यात्रा करते हैं। यह पुल तीस वर्ष पुराना है। बिहार सरकार इस पुल को बनाये रखने के लिए मरम्मत कार्य किश्तों में करती रही है, जिसके कारण लोगों को असुविधा होती है और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। इसके कारण इस पुल की मरम्मत किया जाना अति आवश्यक है और इस पर और सुविधा दिये जाने की आवश्यकता है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 19 पर बना हुआ है, जिसकी लम्बाई 5.75 किलोमीटर है। बिहार सरकार ने गांधी सेतु की मरम्मत कार्य हेतु 106 करोड़ रुपये की राशि की सहायता दिये जाने का प्रस्ताव किया है, जो काफी दिनों से लम्बित है। जनहित में इस पुल की मरम्मत किया जाना अति आवश्यक है।

वर्ष 2001 से टुकड़ों में इस पुल का मरम्मत कार्य चल रहा है, जिस पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के विशेषज्ञों ने टुकड़ों में मरम्मत कार्य के बदले एकमुश्त मरम्मत कार्य करने का सुझाव दिया है, जिसके तहत सैण्ट्रल हिंज बेयरिंग एवं एक्सटर्नल प्रिस्ट्रेसिंग को एक बार बदले का कार्य हो, तभी जाकर 30 वर्ष पुराने सेतु को सुरक्षित रखा जा सकता है एवं नागरिकों को कठिनाइयों से निजात मिल सकती है। यह सेतु राष्ट्रीय पथ पर बने होने के कारण केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी भी है। यह कार्य कब तक हो जायेगा? हमारे आदरणीय मुलायम सिंह जी ने भी इस कार्य के मुद्दे को उठाया था।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, the rest of the Zero Hour matters will be taken up at the end of the day.

â€¦ (*Interruptions*)

_